	राजस्थान राजपत्र विशेषांक	RAJASTHAN GAZETTE Extraordinary
सत्यमेव जयते	साधिकार प्रकाशित	**Published by Authority**
	अग्रहायण *19, गुरूवार,* शाके 1942–*दिसम्बर 10, 2020* *Agrahayana 19, Thursday, Saka 1942-December 10, 2020*	

भाग-1(ख)

महत्वपूर्ण सरकारी आज्ञायें।

सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड बाली जिला पाली

(अंतर्गत भूमि अर्जन, पुनवार्सन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार अधिनियम 2013 **की धारा** 4(1))

अधिसूचना

बाली, दिसम्बर 09, 2020

संख्या. एफ.2(11)**सानि/एएस**/2019-20/**डी**-309 :-राजस्थान के राज्यपाल **द्वारा भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार अधिनियम** 2013 **के तहत्** राजस्थान भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार नियम 2016 के प्रावधान अनुसार एवं राजस्थान सरकार के राजस्व (ग्रुप-6) विभाग के परिपत्र क्रमांक प. 1(150) राज-6/2016/02 दिनांक 27/01/2017 के निर्देशानुसार **बाली-पिण्डवाडा सडक पर ग्राम पातावा-सेवाडी-पादरला के बाईपास सडक** निर्माण, विकसित किये जाने के प्रयोजन से जिला पाली की तहसील बाली में निम्नानुसार प्रभावित गाँवों में भूमि अर्जन प्रस्तावित है:-

क्र.सं.	राज्य	जिला	तहसील	राजस्व गांव
1	**राजस्थान**	**पाली**	**बाली**	पादरला
2	**राजस्थान**	**पाली**	**बाली**	सेवाडी
3	**राजस्थान**	**पाली**	**बाली**	बोया
4	**राजस्थान**	**पाली**	**बाली**	बीजापुर

सडक परियोजना हेतु नियमानुसार सामाजिक समाघात निर्धारण हेतु सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा **सामाजिक आर्थिक विकास समिति नया रलावता, पोस्ट-गरूडवासी तह. चाकसू जिला -जयपुर (राजस्थान) 303901** एजेंसी का चयन किया गया है।

उपरोक्त चयनित संस्था द्वारा परियोजना हेतु प्रस्तावित भू-अर्जन से प्रभावित गाँवों में सामाजिक समाघात निर्धारण राजस्थान भूमि अर्जन, पुनर्वास और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार नियम 2016 के प्रावधानानुसार किया जायेगा। सामाजिक समाघात निर्धारण की प्रक्रिया निम्नानुसार होगी:-

1. संस्था द्वारा परियोजना हेतु प्रस्तावित भू-अर्जन से प्रभावित व्यक्तियों का विवरण तैयार कर सामाजिक समाघात निर्धारण की प्रारूप रिपोर्ट तैयार की जावेगी।
2. प्रारूप रिपोर्ट की प्रति प्रभावित गाँवों में समुचित स्थान पर प्रदर्शित की जावेगी। तत्पश्चात प्रभावित गाँवों में पर्याप्त प्रचार प्रसार के उपरांत जन सुनवाई की जावेगी, जिसकी कार्यवाही का विवरण समुचित रूप से रिकॉर्ड किया जावेगा।

3. जन सुनवाई के दौरान आए सुझाओं/आपत्तियों व समुचित समाधान को शामिल कर सामाजिक समाघात निर्धारण रिपोर्ट एवं सामाजिक समाघात प्रबन्ध योजना रिपोर्ट तैयार की जावेगी।
4. सामाजिक समाघात निर्धारण की प्रक्रिया प्रभावित गांवों में सम्बन्धित पंचायत/नगरपालिका के परामर्श से की जावेगी।
5. पी.पी.पी. माध्यम के तहत विकसित किये जाने वाली परियोजनाओं हेतु अधिनियम की धारा 2(2)(a)(ii) के प्रावधानानुसार प्रभावित परिवारों की सहमति आवश्यक होगी।
6. सामाजिक समाघात मूल्यांकन के दौरान किसी भी प्रकार के बल प्रयोग या धमकी का प्रयत्न इस कवायद को अकृत और शून्य बना देगा।
7. सामाजिक समाघात निर्धारण प्रक्रिया को इस अधिसूचना की तिथि से अधिकतम 6 माह की अवधि से पूर्ण/सम्पूर्ण कराया जाना आवश्यक है।

सम्पर्क सूत्र :-

सामाजिक समाघात निर्धारण इकाई

अधिशाषी अभियन्ता

सार्वजनिक निर्माण विभाग

खण्ड- बाली, जिला- पाली (राजस्थान)

फोन नं. 09414524001

सामाजिक समाघात निर्धारण एजेन्सी

सामाजिक आर्थिक विकास समिति

1- **श्री भरत लाल मीना** (**परियोजना निदेशक**)
सम्पर्क न.- 09414228071

2- **श्री कल्याण सिंह** (**सामाजिक विशेषज्ञ**)
सम्पर्क न.- 09358611441
कार्यालय**- प्लाट न**. 11, **वार्ड न**. 19, **कृषि मण्डी के सामने चाकसू** 303901 **जिला जयपुर** (**राजस्थान**)
ई-मेल savscks@gmail.com

मनवर अली,
संयुक्त सचिव (पथ)
सा.नि.वि. राज. जयपुर

राज्य केन्द्रीय मुद्रणालय,जयपुर।